भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 55

(जिसका उत्तर 11 दिसम्बर, 2018/20 अग्रहायण, 1940 (शक) को दिया जाने वाला है)

नकदी की कमी और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव

55. **डा. संजय सिंहः**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को देश में नकदी की कमी की जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह सच है कि अक्तूबर में, इस वर्ष के पहले छह माह में देश में 1.4 लाख करोड़ रुपए की नकदी की कमी थी; और

(घ) यदि हां, तो शेयर बाजार और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव के ब्यौरे क्या हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पोन्. राधाकृष्णन)

(क): अभी हाल ही में देश में मुद्रा की कमी की कोई सूचना नहीं है। बैंकों की करेंसी तिजोरियों में नए/दुबारा इस्तेमाल करने योग्य नोटों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और पर्याप्त मात्रा में नकदी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

(ख), (ग) और (घ): उपर्युक्त (क) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

******